31 अक्टूबर को भारत के पहले उप प्रधान मंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद स्वतंत्रता सेनानी लोह पुरुष वल्लभभाई पटेल ने किया था। वे उस सदी में आज के युवा जैसी नयी सोच के व्यक्ति थे। वे सदैव देश को एकता का संदेश देते थे। उन्हीं को श्रद्धांजलि देने हेतु हर साल इस दिन को नेशनल यूनिटी डे या राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती है। 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महान व्यक्ति को याद करने के लिए इस दिवस को देश के विभिन्न भागों में मनाया जाता है। इसी क्रम में देश का विकास, शांति, समृद्धि एवम अखंडता एकता के संदेश को फैलाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो हिमाचल प्रदेश शाखा कार्यालय #१५, सेक्टर 3 परवाणू जिला सोलन १७३२२० में भी राष्ट्रीय एकता दिवस को जोर शोर से मनाया जा रहा है। कार्यालय के क्षेत्र में आम जनमानस विद्यार्थी इत्यादि से खास अपील की जाती है कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर देश देश के हर कोने में राष्ट्रीय एकता के संदेश पहुंचाएं जिससे कि अन्य लोग भी राष्ट्रीय एकता का महत्व समझ सकें। इस रंगारंग कार्यक्रम में कई प्रकार के प्रतियोगिता जैसे कि निबंध लेखन स्लोगन राइटिंग इत्यादि भी रखा जाएगा जिसमें प्रतिभागियों से जोर शोर से भाग लेने की अपील की जाती है।